राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 15 अप्रेल। राजस्थान प्रभारी श्री सुखजिन्द्र सिंह रंधावा, मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत तथा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा दिनांक 17, 18 एवं 20 अप्रेल, 2023 को कांग्रेस पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी के समर्थक विधायकों से वन-टू-वन संवाद कर चर्चा करेंगे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि श्री रंधावा, श्री गहलोत एवं श्री डोटासरा दिनांक 17 अप्रेल को अजमेर, टोंक, नागौर, भीलवाड़ा, जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर, पाली, सिरोही व जालौर जिलों के विधायकों से वन-टू-वन संवाद कर चर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार दिनांक 18 अप्रेल को उदयपुर, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, डूँगरपुर, बांसवाड़ा, राजसमन्द, कोटा, बारां, बूंदी, झालावाड़, भरतपुर, धौलपुर, करौली व सवाईमाधोपुर तथा दिनांक 20 अप्रेल, 2023 को बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, जयपुर, अलवर, दौसा, सीकर व झुन्झुनूं जिलों के विधायकों से वन-टू-वन संवाद कर चर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि संवाद में सभी विधायकों से उनके क्षेत्र के स्थानीय मुद्दों पर फीडबैक लिया जायेगा तथा आगामी समय में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर निर्देश प्रदान किये जायेंगे।

चतुर्वेदी ने बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा दिनांक 19 अप्रेल, 2023 को जयपुर स्थित बिड़ला ऑडिटोरियम में प्रातः 11 बजे से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में एआईसीसी व पीसीसी डेलीगेट्स, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारीगण, सांसदगण व सांसद प्रत्याशीगण, पूर्व सांसदगण, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्षगण, राजस्थान विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्षगण, राज्य सरकार के मंत्रीमण्डल के सदस्यगण, विधायकगण व विधायक प्रत्याशीगण, पूर्व विधायकगण, जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षगण, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण, विभाग व प्रकोष्ठों के प्रदेशाध्यक्षगण, जिला प्रमुखगण, प्रधानगण, नगर निकाय के अध्यक्षगण, ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षगण तथा मण्डलों के अध्यक्षगण भाग लेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter